14. शब्द और वाक्य की अशुद्धियाँ

शुद्ध उच्चारण और लेखन भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है। हिंदी भाषा की विशेषता है कि यह जैसी बोली जाती है वैसी ही लिखी भी जाती है। यदि शब्दों का उच्चारण अशुद्ध किया जाएगा तो उनका लेखन भी अशुद्ध ही होगा। अतः शब्दों एवं वाक्यों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को कुछ बोलें और जाँचें कि उन्होंने कितना सही लिखा है या नहीं। उनकी अशुद्धियों को ब्लैकबोर्ड पर लिखें और फिर उनका शुद्ध उच्चारण करवाते हुए लिखवाएँ।
- समझाएँ, सबसे पहले शब्दों का उच्चारण सही से करना आना चाहिए। उच्चारण ठीक न होने से लेखन भी गलत हो जाता है।
- तदुपरांत पाठ पृष्ठ 65 पर दिए गए चित्र की बातचीत के वाक्यों को पढ़ें।
- अशुद्ध और शुद्ध शब्दों का अंतर समझाएँ।
- पृष्ठ 66-67 पर दिए शब्दों और वाक्यों की सामान्य अशुद्धियों जो अधिकतर बच्चे करते हैं से अवगत करवाएँ।
- सभी बच्चों पर ध्यान बनाए रखें।
- अभ्यास जाँचें तथा यथासंभव सहायता भी करें।